## पीएम आवास शहरी कैंप लगाकर लोन उपलब्ध करायें : सचिव

**रांची।** नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे ने राज्य में पीपीपी मोड पर चल रही योजनाओं और एफॉरडेबल हाउसिंग की योजना की प्रगति को तेज करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। सचिव ने सभी नगर निकायों को निर्देश दिया कि आप बैंक कों के साथ बातकर कैंप लगाकर लोन उपलब्ध कराइये। उन्होंने यह भी कहा कि निजी भागीदारी में बन रहे आवासों के निर्माण में राशि भुगतान में विलंब नहीं होना चाहिए। नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक आदित्य आनंद ने सभी निकायों को निर्देश दिया कि लाभुकों को समय पर भुगतान करेंगे तो वो समय रहते उस घर का निर्माण कर पाएंगे। राज्य सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है आपको जितनी राशि की जरुरत होगी उपलब्ध करायी जाएगी।

## कीमती जमीनों को हड़पने के लिए जाली दस्तावेज किये गये तैयार

**इडी ने कोर्ट को दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भू-माफियाओं और सरकारी अधिकारियों ने महंगी जमीन हड़पने के लिए दस्तावेजों में छेड़छाड का मामला सामने आया है। भूमि घोटाले की जांच कर रहे इडी ने विशेष पीएमएलए अदालत को जानकारी दी है। इडी ने कहा है कि भू-माफियाओं और सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने रांची में महंगी जमीन हड़पने के लिए जमीन के दस्तावेजों में हेरफेर की गई है। इस काम में अधिकारियों की सहायता से जाली और नकली दस्तावेज भी बनाया गया है।

**पुनीत भार्गव समेत अन्य पर दर्ज हुआ है मामला :** चेशायर होम रोड स्थित जमीन के मालिक होने का दावा करने वाले शिकायतकर्ता उमेश कुमार गोप ने पुनीत भार्गव, भरत प्रसाद, राजेश राय, लखन सिंह और इम्तियाज अहमद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पुनीत भार्गव ने जमीन एक बड़े कारोबारी को बेच दी :** गौरतलब हो कि यह जमीन एक की पैतृक संपत्ति है, जो उनके परदादा जगदीश महतो के नाम है। भू-माफियाओं ने यह दिखाने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए कि उनके पूर्वजों ने यह जमीन 1933 में गंगाधर राय को बेच दी थी। जगदीश राय के पोते ने इम्तियाज अहमद और भरत प्रसाद को इस जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी दे दी। दोनों ने जमीन पुनीत भार्गव को बेच थी बाद में एक बड़े जमीन कारोबारी को उक्त जमीन बेच दी।

# जिला स्कूल में आयोजित सीडीएस की परीक्षा में अभ्यर्थियों को पानी पिला रहे थे स्कूली बच्चे

**दो स्कूली बच्चों के हाथ थी 15 कमरों में पानी पिलाने की जिम्मेदारी**

सुधीर

**रांची।** यूपीएससी की ओर से रविवार को जिला स्कूल समेत राजधानी के कई अन्य स्कूलों में एनडीए और सीसीएस की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के दौरान जिला स्कूल केंद्र पर कई अनियमितताएं देखने को मिली। जिला स्कूल परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को पानी पिलाने के लिए दो स्कूली बच्चों को लगाया गया था। दोनों बच्चे 18 साल से कम उम्र के और नाबालिग थे। वही दो बच्चों के हाथ 15 कमरों में पानी पिलाने की जिम्मेवारी दी गई थी, जबकि हर दो कमरों के लिए एक व्यक्ति को पानी पिलाने को रखा जाना था। इसके अलावा अभ्यर्थियों के कमरों में बिजली की व्यवस्था नहीं थी। नतीजा अंधेरे में परीक्षा लिखा और गर्मी से परेशान रहे। इसकी शिकायत अभ्यर्थियों ने परीक्षा लिखने के बाद दैनिक खबर मंत्र से की। उनका कहना था जिला स्कूल परीक्षा केंद्र में यूपीएससी के नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। उन्हें न समय पर पानी मिला और न ही बिजली और गर्मी से राहत दिलाने की कोई कोशिश की गई।

### नहीं चला जेनरेटर, अंधेरे में अभ्यर्थियों ने लिखी यूपीएससी की परीक्षा

जिला स्कूल में सीडीएस की परीक्षा चल रही थी। यूपीएससी के नियमों के अनुसार हर दो कमरे पर एक व्यक्ति को पानी अभ्यर्थियों को पानी पिलाने के लिए रखा जाना था परंतु ऐसा नहीं किया गया। वही सभी कमरों में बिजली की व्यवस्था करनी थी, ताकि बच्चे अंधेरे में परीक्षा न लिखें और उन्हें गर्मी से राहत देने के लिए पंखा या कूलर चलाना था परंतु ऐसा नहीं किया गया। परीक्षा के दौरान एक बच्चे को ब्लूटूथ के साथ पकड़ा गया। हालांकि बाद में पूछताछ के बाद उस बच्चे को छोड़ दिया गया और परीक्षा लिखने की इजाजत दी गई। केंद्र अधीक्षक ने बताया कि उसके गले में ब्लूटूथ था, जिसका इस्तेमाल उसने गाना सुनने के लिए किया था। उसके फोन जब्त कर लिए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच के बाद उस बच्चे को परीक्षा लिखने की इजाजत दे दी थी। इसके बाद उसे परीक्षा लिखना दिया गया।

> मुझ इस बात की जानकारी नहीं थी कि स्कूली बच्चे पानी नहीं पिला सकते हैं। मेरे लिए यह पहली परीक्षा थी। जहां तक जेनरेटर नहीं चलाने और अंधेरे में परीक्षा लिखने की बात है तो स्कूल में लगाये गये जैमर के कारण जेनरेटर नहीं चला। आगे से इस बात का ख्याल रखा जायेगा।
>
> **मंजुला एक्का, प्राचार्या, जिला प्लस-2 स्कूल, रांची**

> डीसी राहुल सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी। अगर केंद्राधीक्षक से अनजाने में गलती हुई है तो उन्हें आगे से ध्यान रखने को कहा जायेगा। परंतु अगर जान बुझकर भूल की गयी तो उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई होगी।
>
> **राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त, रांची**

## अबोध बच्चों की भूख मिटाने मां ने छोड़ा मौत के मुंह में !

**खबर मन्त्र फोटो जर्नलिस्ट की सूचना पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश ने लिया संज्ञान, कहा- अब बच्चे की जिम्मेदारी सीडब्ल्यूसी की**



समीर

**रांची।** एक मां के लिए बच्चों की भूख मिटाने से ज्यादा कुछ नहीं होता। भूख मिटाने के लिए मां ने अपने दो अबोध बच्चे को मौत की मुंह में छोड़कर भोजन की तलाश में भटकने लगी। पांच घंटे तक उसका कलेजा का टुकड़ा सड़क पर पड़ा रहा। अबोध मन के कारण बच्चा कभी सड़क पर दौड़ जाता तो कभी किसी के पांव में लिपटता। यह दृश्य डोरंडा स्थित हाईकोर्ट के गेट नंबर चार का है। कई राहगीरों ने उन बच्चों को भी देखा, लेकिन किसी का भी दिल नहीं पसीजा।

जानकारी के मुताबिक, खबर मन्त्र के फोटो जर्नलिस्ट समीर ने जब यह देखा तो उसने तत्काल डोरंडा थाना पुलिस को सूचना दी और व्हाटसप्प ग्रुप में वीडियो साझा किया। वीडियो डालने के बाद पुलिस की टीम एक्टिव हुई और बच्चों की मां की तलाश में जुट गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उसकी मां को खोज निकाला। जब पुलिस बच्चों की मां को लेकर आई तो पता चला कि मां भोजन की तलाश में चली गई थी। बच्चे को देखकर उसकी मां भी भाव विभोर हो गई और बच्चों के अधरों पर मुस्कान आ गई। मां ने उसे हृदय से लगा लिया।

**बाल संरक्षण पदाधिकारी ने लिया संज्ञान :** इस बात की सूचना बाल संरक्षण पदाधिकारी वेदप्रकाश को दी गई। वेदप्रकाश ने बताया कि उन्हें इस बात की सूचना मिली है। बच्चों और महिला के पास टीम को भेजा जा रहा है। सीडब्ल्यूसी की ओर जितना हो सकेगा, उनकी सहायता की जायेगी।


## पुलिस अधिकारी तकनीक से अपराधियों के विरुद्ध नकेल कसने की तैयारी में

# अपराधियों ने इंटरनेट कॉल को बनाया सबसे बड़ा हथियार, मांग रहे रंगदारी

कुबेर सिंह

**रांची।** अपराधियों के लिए अब इंटरनेट कॉल एक सबसे उम्दा हथियार बन गया है। यह उतना ही खतरनाक हो गया है, जितना हथियार थामे कोई इंसान। झारखंड पुलिस इंटरनेट कॉल के जरिए अपराधियों द्वारा मांगी जा रही रंगदारी से परेशान हो गई है। पुलिस अधिकारी तकनीकी संचार के माध्यमों से अब अपराधियों के विरूद्ध नकेल कसने की तैयारी में जुट गई है।

**इंटरनेट कॉल से करते हैं संपर्क :** ये हाइब्रिड गैंगस्टर इंटरनेट कॉल के जरिए ही अपने गुर्गों से संपर्क में रहते हैं क्योंकि इनका कोई



रिकॉर्ड नहीं आता है। जेलों में बड़ी ही आसानी से सिम पहुंच जाता है। इसी से गैंगस्टर धमकी देते हैं।

**हाल में कारोबारी को मिली थी इंटरनेट कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी :** राजधानी रांची के एदलहातु के रहने वाले एक कारोबारी को इंरनेट कॉल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई।. मामले को लेकर कारोबारी राजू कुमार वर्णवाल ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी फरार अपराधी रोहन श्रीवास्तव के खिलाफ की गई है। एदलहातु के रहने वाले इलेक्ट्रॉनिक दुकान के मालिक राजू कुमार वर्णवाल को वीपीएन कॉल के जरिए रोहन श्रीवास्तव उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। रोहन श्रीवास्तव बरियातू इलाके का रहने वाला वांटेड अपराधी है। चार दिन पहले ही बरियातू पुलिस ने उसे घर की कुर्की जब्ती की थी। जमीन कारोबारी धवन राम हत्याकांड को रोहन ने अपने साथियों के साथ अंजाम दिया था घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा है।

### जेल में बड़ी गैंग्स के गुर्गों में आपस में दोस्ती

रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बड़े-बड़े गैंगस्टर बंद हैं। ये गैंगस्टर आपस में दोस्ती करते हैं और जेलों में चोरी, लड़ाई-झगड़े जैसे छोटे-मोटे क्राइम करने वाले युवाओं का ये ब्रेनवॉश करते हैं। फिर उन्हें लग्जरी गाड़ियों, रुपए कमाने का लालच देकर अपनी गैंग में जोड़ लेते हैं। छोटे क्राइम में जल्दी जमानत होने के कारण उन्हें जेल में बैठ कर टारगेट देते हैं। हाईटेक हथियार दिलाते हैं। छोटी उम्र में क्राइम करने वाले क्रिमिनल बड़े गैंगस्टर्स के संपर्क में आने पर काफी उत्साहित हो जाते हैं। शहरों और गांवों में भी फिर से दहशत फैलाते हैं।

> इंटरनेट कॉल से मांगी जा रही रंगदारी पर रांची पुलिस विशेष निगाह रख रही है। जेल प्रशासन और नेटवर्क कंपनियों से भी बात हो रही है।
>
> **किशोर कौशल, एसएसपी, रांची**

### कैसे बदमाश बन रहे हैं 'हाइब्रिड गैंगस्टर'

सूचना के मुताबिक, गैंगस्टर भी इसी तर्ज पर हाइब्रिड मॉड्यूल फॉलो कर रहे हैं। जिसको भी टारगेट बनाते हैं, पहले वहां की रेकी करते हैं। कुछ दिन तक वहां के लोकल की तरह रहना शुरू कर देते हैं। आना-जाना बढ़ाते हैं। आस-पास की दुकानों, शॉप्स पर खरीदारी करने के बहाने दिन बिताते हैं। देखकर कोई पहचान ही नहीं सकता कि ये गैंगस्टर्स हैं या सामान्य लोग। एक बार टारगेट का सारा रूटीन जान लेने के बाद मर्डर का प्लान डिसाइड करते हैं।

## पहाड़ी मंदिर की दानपेटी से 4.91 लाख नकद मिले

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे के निर्देश पर रविवार को पहाड़ी मंदिर के दान पेटियों में रखे गए पैसों की गिनती की गई। समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार की देखरेख और आवासीय दंडाधिकारी स्मृति कुमारी की उपस्थिति में पैसों की गिनती की गई। इस दौरान दान पेटी से मनसा देवी का एक सिक्का भी मिला। वहीं दो विदेशी मुद्रा और एक सफेद धातु का चौकोर टुकड़ा भी मिला। इसके अलावा 85 हजार 705 नगद रुपये के नोट तथा 4,05,000 के सिक्के मिले हैं। इस दौरान समिति के सदस्य मदन लाल पारीक और सुनील कुमार माथुर समेत गिनती कर रहे लोग उपस्थित थे। दानपत्रों में रखे पैसों की गिनती के दौरान 500 रुपये के 9 नोट, 200 रुपये के दो, 100 रूपये के 7707, 50 रुपये के 25, 10 रुपये के दो 20 रुपये के एक सौ तथा 5 रुपये के सात नोट मिले हैं। इसी तरह 1, 2, 5 और 10 रुपये के मिले सिक्कों की संख्या कुल मिलाकर 4, 05, 000 रुपये की है।

## पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव कम करता है कचरा प्रबंधन : कुलपति

**कचरा प्रबंधन विषय पर डीएसपीएमयू में सेमिनार सह व्याख्यान आयोजित**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में स्कूल ऑफ इन्वायरमेंटस स्टडीज और टीम ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि कचरा प्रबंधन या वेस्ट मैनेजमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उत्पन्न होने वाली विभिन्न अपशिष्ट पदार्थों का निपटान किया जाता है, ताकि मानव के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर इसका नकारात्मक प्रभाव न पड़े। डॉ शांडिल्य ने विद्यार्थियों से कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मानव स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण पर कचरे के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि और प्रचंड उपभोक्तावाद के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अपने चरम पर है और हमारे समक्ष पर्यावरण को बचाए रखने की एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसी कारण कचरा प्रबंधन आज महत्वपूर्ण विषय है। सेमिनार में विशेषज्ञ के तौर पर अनिल कुमार गुप्ता और सुरेश चंद्र सिन्हा ने विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन के मूल तथ्यों से अवगत कराने के साथ उनके प्रायोगिक इस्तेमाल की जानकारी दी। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने कचरा प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ देबू मुखर्जी और डॉ पूजा ने भी विचार साझा किए। मौके पर स्कूल ऑफ इन्वायरमेंटस स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदु घोष सहित विभागीय शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 29 को राजभवन के समक्ष महाधरना

**6 जुलाई को जंतर-मंतर पर महाधरना**




**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा वैश्य समाज एवं ओबीसी के साथ किए जा रहे उपेक्षापूर्ण नीति के खिलाफ चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि आंदोलन को क्रमवार और तेज किया जाएगा। पहले चरण में 29 अप्रैल को राजभवन के समक्ष त्राहिमाम महाधरना का आयोजन किया जाएगा और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 15 मई से 15 जून तक सभी पांचों प्रमंडल में सम्मेलन आयोजित करके राज्य सरकार के झूठे वायदों की पोल खोली जाएगी।

तीसरे चरण में 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, दिनेश्वर साहु, परशुराम प्रसाद, सहदेव चौधरी, इंदुभूषण गुप्ता, गुड्डू साहा, रामाशंकर राजन, अनिल वैश्य, नरेश साहु, कृष्णा प्रसाद साहु, आशीष वर्मा, रेणू देवी, हलधर साहु थे।

## 72 घंटे का महाआंदोलन इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा : देवेंद्र नाथ महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन झारखंड द्वारा डिजिटल और फिजिकल आंदोलन को एतिहासिक सफल बनाने के बावजूद सरकार द्वारा मांग नहीं माने जाने के कारण अब 72 घंटे का त्रिदिवसीय महाआंदोलन का ऐलान किया गया है। 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास महाघेराव, 18 अप्रैल दिन मंगलवार सभी प्रखंड और जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस तथा 19 अप्रैल 2023 दिन बुधवार को सम्पूर्ण झारखंड बंद करने निर्णय लिया गया है।

इस मौके पर क्रांतिकारी छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि 72 घंटे का महाआंदोलन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास घेराव को एतिहासिक सफल बनाने के लिए सम्पूर्ण झारखंड से पचास हजार छात्र मोरहाबादी मैदान में एकत्र होकर अधिकार मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे।

19 अप्रैल को झारखंड बंद को एतिहासिक सफल बनाने के लिए 18 अप्रैल को सम्पूर्ण झारखंड के जिला और प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला जायेगा। देवेन्द्र नाथ महतो ने सरकार से मांग की है कि 60-40 नियोजन नीति को सरकार तत्काल वापस कर झारखंडी हित में नियोजन लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। उन्होंने मांग की है कि जनसंख्या के अनुपात सभी वर्गों को जिला स्तर में आरक्षण लागू किया जाय, झारखंड का एक स्पेशल पेपर का प्रावधान किया जाय जिसमें झारखंड के रीति रिवाज, भाषा संस्कृति, परंपरा का अनिवार्यता किया जाय। राज्य स्तर तथा जिला स्तर के सभी तकनीकी तथा गैर तकनीकी परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा का पेपर अनिवार्य किया जाय, मूल झारखंडी छात्रों को पांच वर्ष का उम्र सीमा में विशेष छुट दिया जाय, उत्तराखंड के तर्ज पर परीक्षा नकल विरोधी कानून लागू किया जाय। इधर आंदोलन को लेकर प्रशासन की ओर से दोनों जगहों के आसपास धारा 144 लगा दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### दावत ए इफ्तार में शामिल हुए सीएम हेमंत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को मिलन पैलेस, क्लब रोड में आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में शरीक हुए। मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान के पाक माह की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री समेत सभी आगंतुकों ने राज्य की उन्नति, आपसी भाईचारा, प्रेम सद्भाव और अमन चैन की दुआ की। दावत ए इफ्तार में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, मंत्री आलमगीर आलम और बादल पत्रलेख प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक प्रदीप कुमार यादव, कुमार जय मंगल और शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

### तीन चोर गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में पप्पू, कुर्बान और फिरोज है। तीनों आपस में मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनलोगों के पास से मोबाइल, चांदी के सिक्के समेत कई सामान बरामद किया है।

### डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी धराये

**रांची।** डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दो अपराधी भागने में कामयाब रहे। गिरफ्तार अपराधियों में अमृत टोप्पो, साबन टोप्पो और अनुज टोप्पो शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन, दो गोली, मोबाइल और थार वाहन बरामद किया है। गिरफ्तार अमृत टोप्पो, सावन टोप्पो, अनुज टोप्पो तीनों कांके नगड़ी का रहने वाले हैं।

### डायग्नोकेयर में 100 मरीजों का हुआ इलाज



**रांची।** पिस्कामोड़ के पराशर टॉवर स्थित डॉ एमके सिंह डायग्नोकेयर में रविवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में 100 मरीजों का इलाज किया गया। मरीजों को बीपी, हृदय रोग, दमा, गठिया, इनफर्टिलिटी और अन्य बीमारियों की जांच की गई। चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ एमके सिंह, इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर सीके लाल, गायनोकॉलिजस्ट डॉक्टर एके सिंह ने मरीजों की जांच की। कैंप में वॉल्सी लैब एसोसिएट ने पार्टनर की भूमिका निभायी। कैंप में पीजी डॉक्टर चंदन कुमार और डॉक्टर अभिलाषा राय ने मरीजों की जांच की।

### वृद्धजनों के बीच वस्त्र व फल वितरित



**रांची।** श्री रामकृष्ण सेवा संघ की ओर से रविवार को समाजसेवी प्रेमशंकर और उनके पुत्र पीयूष और ऋषभ के सौजन्य से माता मनोरमा देवी की स्मृति में सिंह मोड़ लटमा रोड स्थित ओल्ड एज होम अपना घर में वृद्धजनों के बीच वस्त्र एवं फल वितरित किये गये। इस मौके पर समाजसेवी तुषार कांति शीट ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर समाजसेवी अरुण सिन्हा, श्री रामकृष्ण सेवा संघ के तन्मय मुखर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

## रतन लाल निर्विरोध चुने गये झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव रविवार को इंदिरा गांधी चौक स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। कृष्णा सहाय एवं राजीव चौबे की देख रेख में शांति पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव सिर्फ एक पद सचिव पद के लिए किया गया। इस पद के लिए सैयद रमीज एवं संजीव मिश्रा के बीच वोटिंग हुई, जिसमें रमीज को विजय घोषित किया गया। शेष अन्य सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिये गये। चुनाव जीतने वाले पदाधिकारी झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रतन लाल को निर्विरोध चुना। ठीक इसी प्रकार छायाकारों ने मिलकर उपाध्यक्ष पद के लिए अमित दास को, सह सचिव पद के लिए मनोज सिंह को और कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय कपरदार को चुना गया। इसके अलावा सचिव पद के लिए वोटिंग हुई, जिसमें सैयद रमीज जावेद की जीत हुई। जीत की घोषणा के बाद एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी जीते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी।

# संत मेरिज कैथेड्रल में 168 बच्चों ने अपने मसीही जीवन का पहला पवित्र परम प्रसाद ग्रहण किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पास्का के दूसरे रविवार पर डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में 168 कैथोलिक बच्चे-बच्चियों ने अपने मसीही जीवन का पहला पवित्र परमप्रसाद ग्रहण किया। श्वेत वस्त्र में सुसज्जित परमप्रसाद ग्रहण करने वाले तमाम बच्चे काफी खुश व उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो के साथ रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, तथा सहायक पल्ली पुरोहित में फादर जॉर्ज मिंज, फादर दीपक बाड़ा, फादर निखिल मिंज, फादर नेमन, फादर उदय चंद्र आदि ने आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो का अनुष्ठान में सहयोग किया।



आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने पहला परमप्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चे बच्चियों को संबोधित करते हुए आज के दिवस को उन बच्चों के लिए अति महत्वपूर्ण बताया। अपने जीवन में पहली पर पवित्र परमप्रसाद ग्रहण करने वाले ये बच्चे आध्यात्मिक तैयारी के बाद योग्य रीति से रोटी और दाखरस के रुप में येसु का शरीर और रक्त ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही ख्रीस्त सभी बच्चों के हृदय में आएंगे। इस पवित्र संस्कार के साथ ख्रीस्तीय आदर्श निस्वार्थ प्रेम, सेवा, दया, करुणा, क्षमा आदि को अंगीकार करते हुए वे येसु ख्रीस्त के विश्वास में दृढ़ता से बढ़ने का संकल्प दुहराएंगे।

उन्होंने कहा कि येसु इस संसार में आए। शब्द देह धारण किया और समस्त मानवजाति को उनके पापों से मुक्ति के लिए उन्होंने अपने आप को बलिदान चढ़ाया। यही नहीं प्रभु येसु अपने बंदों से कहते हैं कि इस संसार के अंत तक मैं तुम्हारे साथ हूं। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि रोटी व दाखरस के रुप में पवित्र परम प्रसाद ग्रहण करने के साथ हमारे शरीर कण-कण में येसु ख्रीस्त का वास होता है। वे चाहते हैं कि हम सभी की आत्मा सुंदर व निष्पाप हो। ईश्वर हमें शक्ति देता है ताकि हम ख्रीस्त के विश्वास मे दृढ हों। बुराई से लड़ने व अच्छाई को जानें।

# कुड़मी समाज करेगा आर्थिक नाकेबंदी

## 72 घंटे की नाकेबंदी 29 नवंबर से शुरू होगी, खनिज पदार्थों को भी बाहर जाने से रोका जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अपने मांगों के समर्थन में आगामी 29 अक्टूबर, 2023 को ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में कुरमी /कुड़मी आक्रोश महारैली करेगी। साथ ही 29 नवंबर 2023 से झारखंड में 72 घंटे की आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। नाकेबंदी के दौरान खनिज पदार्थों को किसी भी कीमत में झारखंड से बाहर जाने नहीं दिया जाएगा।

शुक्रवार को पुराना विधानसभा विधायक आवास क्लब हॉल, धुर्वा रांची में टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी समाज का आवश्यक बैठक टोटेमिक कुरमी/कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने एवं कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर सुषमा देवी जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में झारखंड प्रदेश के सभी टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी नामधारी संगठन शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा, आदिवासी कुड़मी समाज झारखंड, टोटेमिक कुड़मी सेना, झारखंड कुरमी महासभा, कुड़मी सांस्कृतिक विकास समिति, कुरमी विकास परिषद, पुर्वांचल कुड़मी समाज, राष्ट्रीय कुड़मी सेना, कुरमी विकास मंच, कुड़मी युवा छात्र मोर्चा, कुड़मी विकास समिति, कुरमी विकास परिषद पतरातु के अध्यक्ष उनके सक्रिय सदस्य अथवा प्रतिनिधि शामिल हुए।

समाज के अगुवा शीतल ओहदार ने कहा कि हम कुड़मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल होने का एक ही उपयुक्त आधार है 1931और 1938 का सेंसस, क्योंकि 2004 में अर्जुन मुंडा सरकार ने इसी आधार पर केन्द्र सरकार को कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का अनुसंषा कर चुके हैं। कुड़मी जनजाति का सबसे सशक्त आधार है 1950 से पहले आदिम जनजाति का होना। इसीलिए हमें टीआरआई की आवश्यकता नहीं है। जब 1950 के बाद 12 अजजा की संख्या बिना टीआरआई के 32 हो गई और वर्तमान में और तीन को अनुसूचित जनजाति की सूची लाया गया। ओहदार जी ने जोर देकर कहा कि हम अभी तक सूची से इसलिए बाहर हैं कि हम वास्तविक शक्ति अभी तक नहीं दिखा पाए हैं लेकिन अब युवा पीछे हटने वाले नहीं हैं।

आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय प्रवक्ता हरमोहन महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार कुड़मी जनजाति को गेंद की तरह उछाल रही है नेहरू जी ने अपने शासन काल में हृदय नाथ कुंजरू के सवाल पर कहा था कि भुल वस छुटा है राज्य सरकार के अनुषंसा से पुनः शामिल कर लिया जाएगा। अर्जुन मुंडा सरकार 2004 में केंद्र को अनुषंसा कर दिया, अब कहा जा रहा है 1990 में लोकुर कमिटी में अनुषंसा नहीं किया गया है। जब बिना कारण और बिना किसी आदेश के जब हमें हटाया गया तो जोड़ने के लिए इतना जद्दोजहद क्यों? इससे साफ साबित होता है कि सभी सरकार हमारा आंदोलन को कम आंक रहे है, कुड़मी के लहु से देश को आजादी मिली, भारत का प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन रघुनाथ महतो, चानकु महतो, बुली महतो ने किया। झारखंड बनाने में शहीद निर्मल महतो ने अपना बलिदान दिया। लेकिन अब कुड़मी फुटबॉल की तरह घुमने वाली नहीं है, अब लड़कर अधिकार लेकर रहेंगे। रंधीर चौधरी ने कहा हमें अधिकार तभी मिलेगा जब कुरमी भोट से सरकार को डर हो, इसलिए वोट का डर पैदा हो। बैठक को सपन कुमार महतो, देवकी महतो, सुषमा देवी, विनय महतो, रामपोदो महतो, केंद्रीय सखीचंद महतो आदि ने संबोधित किया।


## भारत-तिब्बत सहयोग मंच का रजत जयंती समारोह 5 मई को



**रांची।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ पूजनीय सरसंघचालक स्वर्गीय प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) एवं पंचम पूजनीय सरसंघचालक स्वर्गीय सुदर्शन जी और परम पावन दलाई लामा जी के आशीर्वाद से संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय इंद्रेश जी के द्वारा 5 मई 1999 को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में की गयी। स्वामी जी ने बताया कि स्थापना के बाद मंच अपने उद्देश्य तिब्बत की आजादी कैलाश मानसरोवर की मुक्ति भारत की सुरक्षा और पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्य करते हुए 5 मई 2023 को 24 वर्ष पूर्ण कर रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। स्वामी जी ने यह भी बताया कि इस वर्ष को उत्सव के रूप में उत्साह के साथ देश भर में मनाया जाएगा। इसका उद्घाटन कार्यक्रम मैक्लोडगंज धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में होगा।


## रमजान मुबारक

### गुरूर हुकूमत का हो या ताकत का, अल्लाह पाक को पसंद नहीं : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** गुरूर चाहे हुकूमत का हो या ताकत का, वह एक दिन डूब जाता है। इसलिए अलविदा की ओर रुखसत हो रहे रमजानुल पाक के इस महीने में अल्लाह के हर बंदे को चाहिए कि वह अपनी जिंदगी और अबतक के जीवन की तमाम गतिविधियों पर गौर करे। उसका आकलन करे। साथ ही, अपने जीवन में की गयी गलतियों के लिए सच्चे दिल से तौबा करे और अल्लाह पाक के बताये राह पर चले। मस्जिद-ए-जाफरिया अंसार नगर के इमाम व खतीब मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने रमजान पाक के मुत्तलिक ये बातें कही। उन्होंने बताया कि रमजान में जो बंदा अपनी जिंदगी में सुधार नहीं ला सकता है, उसका आम दिनों में सुधरना बहुत ही मुश्किल है। इंसान को चाहिए कि सबसे पहले वो अपने अंदर अल्लाह या ईश्वर का डर पैदा करे। क्योंकि, इंसान में जब अल्लाह का डर होगा, तो वह कोई भी गलत काम नहीं करेगा। या, कोई गलत काम करने से पहले वह कई बार सोचेगा और उन गुनाहों के कारण अल्लाह के अजाब की भी सोचेगा। मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि बुराई आपसी मोहब्बत भाईचारगी के साथ-साथ समाज को कमजोर करता है। जुल्म को सबसे बड़ी बुराई बताते हुए मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि अल्लाह या ईश्वर जुल्म कभी पसंद नहीं करता है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि आप किसी उंचे ओहदे या मुकाम पर हैं, या ताकत वाले हैं, तो उसका गलत इस्तेमाल करना सबसे बड़ा जुल्म है। अल्लाह जालिम को कुछ दिनों की मोहलत देता है, ताकि वह व्यक्ति अपने अंदर सुधार लाये। यदि वह नहीं सुधरता है, तो उस पर अल्लाह अपना अजाब नाजिल करता है। फिर दुनिया की कोई ताकत उसे नही बचा सकती है। उसी तरह जिसके अंदर हुकूमत का गुरूर पैदा होता है, वह एक दिन डूब जाता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का फर्ज है कि एक-दूसरे के साथ किसी तरह का भेदभाव पैदा न करे, बल्कि उसकी जगह मोहब्बत पैदा किया जाये। क्योंकि, सभी धर्म का सार भी दूसरों के साथ नि:स्वार्थ मोहब्बत का संदेश देता है।

### शब-ए-कद्र में दुआएं कबूल होती हैं : खालिद उमर



**रांची।** शब-ए-कद्र में अल्लाह हमारी दुआओं को कबूल करता है। बशर्ते कि हम रात में उठ कर रो-रोकर मांगने वाले बनें। शब-ए-कद्र की बहुत बड़ी फजीलतें हैं। शब-ए-कद्र की रात बड़ी कीमती होती है। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि इस बेशकीमती रात को सो कर नहीं, बल्कि इबादत में, रो रोकर अपने गुनाहों की माफी मांगने में गुजारे। हिंदपीढ़ी वार्ड 23 के सामाजिक कार्यकर्ता खालिद उमर ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि शब-ए-कद्र की यह एक रात हजारों महीने से बढ़कर होती है। हजरत सलमान (रजि) कहते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो वसल्लम ने शाबान की आखिरी तारीख में हम लोगों को फरमाया कि तुम्हारे ऊपर एक महीना आ रहा है, जो बहुत बड़ा महीना है, बहुत मुबारक वाला महीना है। इस महीने की कद्र करें। इसमें एक रात शब-ए-कद्र की होगी, जो हजारों महीनों से बढ़कर है। अल्लाह ने उसके रोजे को फर्ज फरमाया। इस महीने में अमल का सवाब बढ़ा दिया जाता है। इस महीने में किसी नेकी के साथ अल्लाह का कुरब हासिल करें, फर्ज अदा करें, उसी तरह से है जैसे गैर रमजान में सत्तर फर्ज अदा किया। शब-ए-कद्र में रातों में उठ कर अल्लाह से माफी मांगनी चाहिए। गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। शब-ए-कद्र की बहुत फजीलत है। शब-ए-कद्र की रात को ऐसे ही ना गुजारें, बल्कि इसे कीमती बनाते हुए अल्लाह से अपनी गुनाहों की माफी मांगें। शब-ए-कद्र की रात में ज्यादा से ज्यादा नमाज अदा करें, कुरान की तिलावत करें। शब-ए-कद्र की रात में अल्लाह हमारी दुआओं को कुबूल फरमाते हैं।

# बच्चे के व्यक्तित्व के विकास में स्कूल का प्रमुख योगदान होता है : मदन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जीडी गोयेनका पब्लिक स्कूल में दाखिला लेने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए रविवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश अभिभावकों व विद्यार्थियों को विद्यालय के सभी अध्यापकों व विद्यालय की शैक्षिक व परीक्षा नीतियों से अवगत कराना था। इस मौके पर स्कूल के सभी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के चेयरमैन मदन सिंह ने कहा कि बचपन से ही हर बच्चे के जीवन में नई उमगें एवं नई ऊंचाइयां आकार लेना शुरू हो जाती हैं। बच्चे के व्यक्तित्व के विकास में स्कूल का प्रमुख योगदान होता है। कहा कि क्षेत्रीय बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही जी.डी.गोयेनका पब्लिक स्कूल का उद्देश्य है। वहीं स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने शिक्षण विधि एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। जीडी गोयेनका शिक्षण समूह की निदेशक भारती शर्मा ने स्कूल की कार्य प्रणाली, छात्र-छात्राओं की मूल्यांकन विधि सहित तमाम जानकारियां दीं। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद स्कूल के शिक्षिका खुश्बु झा एवं गुंजन टिकरीवाल ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। वहीं, प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने सभी बच्चों के कार्यों को देखते हुए उसकी सराहना की। एवं उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना बात कही।

# रोटरी ने शुरू किया महिला प्रशिक्षण केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची ने रोटरी हॉल में सहेली सेंटर के तत्वावधान में महिला प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की। इसमें महिलाओं एवं लड़कियों के लिए सिलाई एवं ब्यूटिशियन का कोर्स कराया जायेगा। इस कोर्स में नामांकन मात्र 100 रुपये की टोकन फीस पर हो रही है।

सहेली सेंटर की कमिटी चेयरमैन रश्मि अग्रवाल ने बताया कि अभी ये कोर्स दो माह के लिए शुरू की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाई एवं कॉस्मेटोलॉजी का मुख्य आधार समझाना है, ताकि वे इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर हो सकें। अभी तक कुल 25 महिलाओं का कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है। रोटरी के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव के बताया कि जो महिला कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगी, उन्हें रोटरी की तरफ से एक सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा, जिसकी अपनी एक महत्ता है। दो माह के उपरांत इसमें अन्य प्रशिक्षण को जोड़ कर निरंतर रूप में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें क्लब के सचिव हितेश भगत, श्री भंडारीलाल, आकांक्षा भगत, नताशा साहू, श्वेता अग्रवाल, ख्याति मुंजाल, सरिता सिन्हा, गिरीश अग्रवाल, प्रशिक्षक शिल्पी पोद्दार एवं काजल की मुख्य भूमिका है।

## खबर एक नजर में

### अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 165 वीं शहादत दिवस पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। हटिया स्थित शहादत स्तम्भ के प्रांगण में बड़कागढ़ रैयत जन मंच के द्वारा अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 165 वीं शहादत दिवस मनाया गया। सभा में पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, भारतीय जन मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र गिरी एवं भाजपा नेत्री फरहाना खातून मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए। सबसे पहले अमर शहीद के तस्वीर के सामने द्वीप प्रज्जवलित किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री शाहदेव ने कहा कि अमर शहीद किसी जाति, धर्म या फिर किसी विशेष परिवार के नही होते है बल्कि वे देश के धरोहर होते है। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में 1858 को छोटानागपुर को अंग्रेजो से छह माह के लिए मुक्त करा लिया गया था। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजो को इतना भयभीत किया था कि अंग्रेजी सरकार के सारे अधिकारी छोटानागपुर छोड़कर भाग चुके थे। बाद में अंग्रेजो के छल से वे पकड़े गए और 16 अप्रैल 1858 को उन्हें फांसी में लटका दिया गया था। उनके शहादत के 165 वी शहादत दिवस हम यहां मना रहे है। जरूरत है उस महान वीर योद्धा की शहादत को देश के स्कूली बच्चे जाने व समझें।

### मारवाड़ी भवन के बाहर अस्थायी प्याऊ का शुभारंभ

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति रांची ने भीषण गर्मी की प्रचंडता को देखते हुए रविवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन के बाहर अस्थाई प्याऊ की शुरूआत की। प्याऊ का शुभारंभ समिति के वरिष्ठ सेवादार जागेशवर वर्मा ने किया। इस अवसर पर मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने कहा कि प्याऊ सेवा से राहगीरों एवं लोगों को गर्मी में पीने के लिए शुद्ध पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। जहां पानी होता है वही जीवन होता है जल बिना मनुष्य का जीवन असंभव है, पानी का एक-एक बूंद बहुत कीमती होता है पानी का सम्मान करना चाहिए ना कि इसका व्यर्थ करना चाहिए। तथा जरूरत के अनुसार पानी का उपयोग करना चाहिए।

### प्रणामी ट्रस्ट के अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** राजधानी की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को 82 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में किया गया। प्रभाष गोयल व संस्था के सेवाभावी शिष्यों तथा उनके परिवार के सौजन्य से संचालित इस अन्नपूर्णा भंडारे में 1300जरुरतमंद परिवार के सदस्यों के अलावा श्रद्धालुगणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद स्वरुप लोगों ने पूरी, आलू टमाटर मिक्सड सब्जी, वेजिटेबुल पुलाव व खीर ग्रहण कर तृप्त हुए।

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**रांची।** बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा, होटवार, रांची में रविवार को जेल अदालत - सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए न्यायालय के मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह ने कानून की जानकारी दी। वहीं शिविर को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची राकेश रंजन, अक्षय शर्मा, रेलवे न्यायिक दण्डाधिकारी, सौरभ त्रिपाठी एवं डी. एन. शुक्ला, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, राँची ने भी सम्बोधित किया। जागरूकता शिविर में उपस्थित कारा अधीक्षक हामिद अख्तर ने कहा कि किसी भी बंदी को कोई परेशानी है तो वे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अविधक्ता या कारा में कोई परेशानी हो तो उनका शीघ्र समाधान किया जायेगा। आज के जेल अदालत में छोटे अपराध के कुल-06 (छह) बंदियों के 07 (सात) वादों को माननीय न्यायालय के समक्ष रखा गया, जिसमें 03 (तीन) वादों का निष्पादन किया गया।

### चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए ग्रुप डिस्कशन प्रोग्राम का आयोजन

**रांची।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)की रांची शाखा के तत्वावधान में रविवार को वर्किंग पेपर मैनेजमेंट और पियर रिव्यू विषय पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए ग्रुप डिस्कशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आईसीएआई रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़ ने इस ग्रुप परिचर्चा का आरंभ करते हुए कहा कि हम चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए अपने अंकेक्षण के कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन बहुत महत्वपूर्ण भाग है। हम कभी भी अपने अंकेक्षण के आकड़ों और निष्कर्षो को कभी भी साबित करने के लिए साथ ही अंकेक्षण के कार्य में हमारी मेहनत और किये गए कार्यों को सबूत करने के लिए अपने कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### सेल की रांची इकाइयों में इफ्तार सभा का आयोजन हुआ

रांची। रमजान आध्यात्मिक प्रतिबिंब, आत्म-सुधार, भक्ति और पूजा का समय है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची इकाइयों में एक उत्सव और समावेशी इफ्तार सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने रमजान के पवित्र महीने पर कार्यस्थल के भीतर समुदाय की भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध पृष्ठभूमि के कर्मचारियों को एक साथ लाया। इफ्तार के दौरान, कर्मचारियों को सार्थक बातचीत करने, सहकर्मियों से जुड़ने और रमजान के महत्व और इसकी परंपराओं के बारे में अधिक जानने का अवसर मिला। यह कर्मचारियों के एक साथ आने, संबंध बनाने और समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देने का समय था।

# प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने पीएच एकेडमी कोचिंग का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शहर के बरियातू रोड में करमटोली चौक के समीप राहुल हीरो के ऊपर दूसरे तल्ले पर स्थित पीएच एकेडमी कोचिंग संस्थान की शुरुआत की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संस्थान का उद्घाटन किया।

श्री ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपनी सफलता की कहानी बतायी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को हर संभव सहयोग देने व कोचिंग संचालन के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

पीएच अकादमी की निदेशक श्रीमती मंजुषा कुमारी ने बताया कि हमारे संस्थान में कक्षा 6 से 10 तक के सीबीएसइ, आइसीएसइ दोनों बोर्ड के लिए स्कूल परीक्षा से लेकर जेइइ एवं नीट के लिए फाउंडेशन की भी तैयारी करवायी जायेगी । यहां पर कक्षा 11 एवं 12 के लिए सिर्फ बोर्ड परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। जेइइ, नीट के लिये अगले वर्ष से पढ़ायी प्रारम्भ की जायेगी। हमारे संस्थान में कक्षा 6 से 10 तक के लिए प्रवेश प्रारंभ है और संस्थान में अभी 60 प्रतिशत तक छात्रवृति भी चालू है। अतः इच्छुक छात्र प्रवेश के लिये संपर्क कर सकते हैं।

## हिमकर श्याम की साहित्यिक यात्रा पर ऑनलाइन गोष्ठी

**रांची।** रांची के कवि, शायर हिमकर श्याम की साहित्यिक यात्रा पर गूंज अभिव्यक्ति दिल की, शतदल रेडियो और रेडियो प्लेबैक इंडिया के संयुक्त तत्वावधान एक ऑनलाइन गोष्ठी शनिवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुंबई की प्रॉडकास्टर प्रज्ञा मिश्रा ने कहा कि हिमकर श्याम को जानकर और उनके साहित्य से रूबरू होकर कौन है, जो प्रभावित हुए बिना रह सका है। उनके दोहों का पाठ भी किया। रेडिंग, यूके के गायक सुनील स्वरूप ने हिमकर श्याम की गजलों 'सामने आप मेरी रहा कीजिए' और 'वक़्त की बेरुखी उलझा है' की शानदार प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि हिमकर की रचनाधर्मिता प्रभावी और प्रेरक है। कैंसर जैसी बीमारी से जूझते हुए भी सकारात्मक सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण के साथ सृजनशील हैं। हिमकर श्याम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी रचनाधर्मिता और जीवन से जुड़े संघर्षों को साझा किया।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में वरुथिनी एकादशी पर भक्तों का तांता लगा रहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रविवार को वरुथिनी एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्तजनों ने अपनी-अपनी मनोकामनाएं श्री श्याम दरबार में निवेदित की। श्याम भक्तों में एकादशी का विशेष महत्व माना गया है। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया वरुथिनी एकादशी के अवसर पर कोलकाता से मंगाये गये फूलों और तुलसीदल की मालाओं से खाटू नरेश का दिव्य व पावन श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

उन्होंने बताया कि इंद्रपुरी रोड निवासी अंकित गोयल ने श्रृंगार व प्रसाद सेवा निवेदित की। सायं काल मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने खाटू नरेश की जय जयकार की, जिससे पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। वरुथिनी एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ। इंद्रपुरी रोड निवासी सुधा अग्रवाल, अंकित गोयल, आद्या गोयल ने अपने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, दूध, रबड़ी, फल, पंचमेवा, नारियल, मगही पान का प्रसाद अर्पित किया। कटलमोड़ निवासी अनुराग अग्रवाल, कोमल व प्रांजल अग्रवाल ने पंचमेवा एवं अन्नपूर्णा सरावगी ने प्रसाद की सेवा निवेदित की। आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 18 अप्रैल मंगलवार को सायं 4:30 से 46वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

## ग्रेडिंग में सफल इमा के कराटेकारों का बेल्ट सेरेमनी संपन्न

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा )के तत्वावधान में बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में रविवार को बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे येल्लो से ब्लैक बेल्ट तीसरे डॉन तक के कराटेकारों को बेल्ट प्रदान किया गया। डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत जोसेफ हॉल में आयोजित इस समारोह में इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोप्ता ने सभी खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। रेंसी सुनील किस्पोप्ता ने सफल खिलाड़ियों को बधाईयां दी और अपने संदेश में कहा कि सफलता चाहे किसी भी क्षेत्र में क्यों न हो उसके लिए लक्ष्य का निर्धारण व लगातार उसी दिशा में अभ्यास निहायत जरुरी है। मौके पर इमा के अध्यक्ष अनिल किस्पोप्ता, राकेश तिर्की, पीटर कच्छप, रवि कुमार सिंह, देवंती कुमारी अभिभावक गण एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## खो-खो फाइनल में डे-बोर्डिंग और नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र जीते

**रांची।** मिशन ब्लू फाउंडेशन एवं जिला खो-खो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्वर्गीय मंजू सोनी मेमोरियल पुरुष-महिला खो-खो प्रतियोगिता का समापन रविवार को हो गया। यह आयोजन लीची बागान प्रांगण सेक्टर 2 में हुआ था। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र लीची बागान रांची ने कड़े मुकाबले में पे एंड प्ले केंद्र मोरहाबादी को 20-16 अंकों से हराया। डे बोर्डिंग की ओर से कप्तान संजय कुमार, उपकप्तान विक्की लोहरा, सन्नी कुमार, शिवम कुमार एवं पे एंड प्ले केंद्र की ओर से कप्तान अमन तिर्की, सौरभ कुमार, दुर्गा कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं महिला वर्ग में नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र रांची ने संघर्षपूर्ण मैच में मैजरेलो स्कूल नामकुम को 21-12 अंकों से पराजित कर विजेता बनी।

# सभी आयु वर्ग के लोग पढ़ सकते हैं यह पुस्तक : दीपिका

## लेखक संजीव शेखर की पुस्तक 'राइड एबव द क्लाउड्स' का किया गया लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** खेल, जीवन का एक तरीका हो सकता है। यह टीम के साथियों के बीच प्यार और स्नेह का एक ऐसा मजबूत बंधन बनाता है, जो शर्त, स्वार्थ और अहंकार से ऊपर होता है। लेखक संजीव शेखर ने अपनी किताब 'राइड एबव द क्लाउड्स' में टीम वर्क और जुनून को उजागर किया है, जो एक खिलाड़ी किसी खेल को खेलते समय रखता है। साइकिल चलाना व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ना सिखाता है। इस किताब को पढ़ते हुए एक समय ऐसा आता है, जब इस पुस्तक में साइकिल चालक अपना आत्मविश्वास खो देते हैं और पीछे हटने का निर्णय लेते हैं। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित दीपिका कुमारी ने इस किताब पर विस्तार से चर्चा की और साथ ही यह भी बताया कि अगर विचार के पैटर्न में थोड़ा सा बदलाव होता और मानसिकता में थोड़ा निराशावाद का प्रवेश होता, तो ऐसी स्थिति में चीजें पूरी तरह से अलग मोड़ ले लेतीं।

दीपिका ने आगे बताया कि लेखक संजीव शेखर ने किताब के रूप में इस कहानी लिखकर अच्छा काम किया है, ताकि इसे सभी आयु वर्ग के लोग पढ़ सकें और समझ सकें। यहां तक कि खेलकूद में रुचि रखने वाले बच्चे भी इस किताब का आनंद ले सकते हैं। मुझे खेल से संबंधित गतिविधियों को किताब में बदलने के लिए लेखक के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए। यह यह बेहतरीन विचार है। अन्य खेलों की गतिविधियों पर आधारित इस तरह की कहानियां या किताबें हमारे सामने और भी आने चाहिए। पुस्तक लोकार्पण समारोह की शुरुआत वंदना खेमका के संचालन में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर की गयी। साइकिल दोस्त के संस्थापक सदस्यों ने मुख्य अतिथि पद्मश्री दीपिका कुमारी और विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल मीणा को स्मृति चिह्न भेंट किया।

वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी मुरारी लाल मीणा ने बताया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए साइकिल दोस्तों की कहानी दोस्ती, बंधन और एक-दूसरे के लिए आपसी सम्मान के मामले में बहुत बड़ी सीख दे रही है। यह आवश्यक है कि आप जिस लक्ष्य या उद्देश्य के लिए प्रयास कर रहे हैं, उसे प्राप्त करने में मित्रों का लगातार प्रोत्साहन मिलता रहे। लेखक संजीव शेखर ने समारोह में आये सभी अतिथियों का स्वागत किया और पुस्तक की दिलचस्प घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि एक लेखक के रूप में यह किताब लिखने में उन्हें कितना आनंद आया। पुस्तक लिखने की प्रेरणा उन्हें कैसे मिली, इस पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

